>

Title: Menace caused by a Tiger in Bijnor and Muradabad district in Uttar Pradesh.

श्री संजय सिंह चौहान (बिजनौर): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान अपने क्षेत्र के बिजनौर जिले और मुरादाबाद जिले में आजकल फैले आतंक की ओर दिलाना चाहता हूं।...(व्यवधान) वहां लगातार पिछले दो महीनों से एक बाघ कालागढ़ की साइड से आया हुआ है और अब तक दस लोगों की वह हत्या कर चुका है और स्थानीय प्रशासन ने इस संबंध में अब तक कोई भी एक्शन नहीं लिया है।...(व्यवधान) मैं केन्द्र सरकार से इस संबंध में हस्तक्षेप की प्रार्थना करता हूं जिससे वहां के लोगों का जन-जीवन बच सके, उनकी खेती बच सके क्योंकि वे खेतों में नहीं जा पा रहे हैं, जंगल में नहीं जा पा रहे हैं और दस लोगों की अब तक हत्या हो चुकी है।...(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि उस बाघ को तुंत मारने के आदेश दिये जाएं जिससे वहां का जन-जीवन सामान्य हो सके।